


5. शो केस को खोलें।



सावधानी

लगाते समय तार को क्षति से बचाने के लिए उसे हिंज हुक पर बाँधें।



## रेफ़्रिजरेटर के दरवाज़ों को पुनः लगाना

रेफ़्रिजरेटर के दरवाज़ों को पुनः लगाने के लिए, पुर्ज़ों को विपरीत क्रम में लगाएँ।

**रेफ्रिजरेटर को समतल करना और ऊँचाई और दरवाज़ों के अंतर को समायोजित करना**

## रेफ्रिजरेटर को समतल कैसे करें

रेफ्रिजरेटर की अस्थिरता के कारण होने वाले खतरे से बचने के लिए, कृपया रेफ्रिजरेटर को क्षैतिज और स्थापना के निम्न निर्देशों के अनुसार समतल किए गए स्थान पर रखें।
ऐसा करने में विफल रहने पर रेफ्रिजरेटर झुक सकता है और निजी चोट लग सकती है।
अगर उपकरण का सामने का भाग, पिछले भाग से थोड़ा सा ऊँचा हो, तो दरवाज़ा अधिक आसानी से खोला और बंद किया जा सकता है।
रेफ्रिजरेटर को किसी असमतल सतह पर सेट करने से रेफ्रिजरेटर अस्थिर हो जाएगा।

- कृपया सुनिश्चित करें कि रेफ्रिजरेटर को स्थापित करते समय उसके पाये सतह को स्पर्श करें।
  पाये प्रत्येक दरवाज़े के पिछले निचले भाग में लगे हैं। एक चपटा पेचकस लगाएँ और समतल होने तक इसे तीर की दिशा में घुमाएँ
- भोजन संग्रहीत करते समय कृपया केवल दरवाज़े में ही भोजन न रखें।
  केवल दरवाज़े में भोजन रखा होने से रेफ्रिजरेटर आगे की ओर गिर सकता है और चोट लग सकती है।

### अगर फ़्रीज़र की तरफ का हिस्सा नीचा है तो:

- फ़्रीज़र के दरवाज़े के पिछले हिस्से में नीचे स्थित ऊँचाई समायोजक में चपटा पेचकस डालें और उसके संतुलित होने तक उसे तीर की दिशा में घुमाएँ।



### अगर रेफ़्रिजरेटर की तरह का हिस्सा नीचा है तो:

- रेफ़्रिजरेटर के दरवाज़े के पिछले हिस्से में नीचे स्थित ऊँचाई समायोजक में चपटा पेचकस डालें और उसके संतुलित होने तक उसे तीर की दिशा में घुमाएँ।



- रेफ़्रिजरेटर के आगे के हिस्से को उठाएँ ताकि दरवाज़े अपने आप बंद हो जाएँ।
  स्थिरकर्ताओं को समायोजित करें चूंकि रेफ़्रिजरेटर का पिछला हिस्सा, उसके अगले हिस्से से काफी ऊँचा होने पर दरवाज़ों को खोलना कठिन हो सकता है।
- अगर रेफ़्रिजरेटर का पिछला हिस्सा समतल नहीं है, तो निचले हिस्से में कोई उचित आकार की वस्तु रख दें और टेप से उसे वहीं लगा दें।
  रेफ़्रिजरेटर को उसके स्थान पर खिसकाएँ और फिर सतह को समायोजित करें।
- रेफ़्रिजरेटर को ढकेलते समय ध्यान रखें कि सतह क्षतिग्रस्त न हो।

## दरवाज़े की ऊँचाई समायोजित करने का तरीका

### अगर रेफ़्रिजरेटर का दरवाज़ा अन्य से नीचा है तो:

- रेफ़्रिजरेटर के दरवाज़े के नीचे स्थित समायोजन नट का उपयोग करके दरवाज़े की ऊँचाई के स्तरों को समायोजित किया जा सकता है।
- दरवाज़े को बहुत ऊँचा उठाने पर वह खोलते या बंद करते समय कब्जे के कवर से टकरा सकता है।




1. उस दरवाज़े को खोलें जिसे समायोजित किया जाना है और दरवाज़े के निचले हिस्से में लगे क्लैंपिंग नट ( **A** ) को उत्पाद पैकेज में सम्मिलित स्पैनर का उपयोग करके घड़ी की दिशा (  ) में खोलें।



2. समायोजन नट ( **B** ) को एक स्पैनर से घड़ी की विपरीत दिशा ( ) में घुमाकर दरवाज़े की ऊँचाई समायोजित करें।
(दरवाज़े की ऊँचाई बढ़ाने के लिए उसे घड़ी की विपरीत दिशा ( ) में और घटाने के लिए घड़ी की दिशा( ) में घुमाएँ।)

- दरवाज़ा खोलें और इसे भीतर से समायोजित करें।




3. एकबार दरवाज़े स्थिर हो जाने पर, क्लैंपिंग नट ( **A** ) को कसने के लिए घड़ी की विपरीत दिशा ( ) में घुमाएँ।




खाली होने पर रेफ्रिजरेटर के संतुलन को समायोजित करने से, रेफ्रिजरेटर उस समय अस्थिर हो सकता है जब उसमें सामान रखा जाएगा।
अगर ऐसा होता है, तो संतुलन को पुनः समायोजित करें।

## दरवाज़ों के अंतर को समायोजित करने का तरीका

अगर रेफ्रिजरेटर के दरवाज़े और फ्रीज़र के दरवाज़े के बीच अंतर असमान है तो:

- रेफ्रिजरेटर के दरवाज़े के शीर्ष पर (दाईं ओर) स्थिर अंतर समायोजक का उपयोग करें।
- अत्यधिक बल लगाने से समायोजक का बोल्ट टूट सकता है।

1. रेफ्रिजरेटर के दरवाज़े के कब्जे के कवर को निकालें।

- दरवाज़े को खोलकर कब्जे के कवर को निकालें और फिर कब्जे के कवर को निकालने के बाद दरवाज़े को बंद कर दें।



2. 4 मिमी एलन रिंच (सम्मिलित नहीं) का उपयोग करके अंतर को समायोजित करें।



3. अंतर को चौड़ा करने के लिए बोल्ट को घड़ी की दिशा ( ) में घुमाएँ।
अंतर को कम करने के लिए उसे घड़ी की विपरीत दिशा ( ) में घुमाएँ।
इसे तब तक समायोजित करें जब तक रेफ्रिजरेटर के दरवाज़े और फ्रीज़र के दरवाज़े का अंतर समान न हो जाए।



सावधानी

केबल लगाते समय, ध्यान रखें कि केवल की परत टूट या छिल न जाएँ।

## रेफ्रिजरेटर के दरवाज़े के अंतर (पीछे) को समायोजित करने का तरीका

अगर रेफ्रिजरेटर के दरवाज़े और रेफ्रिजरेटर के बीच अंतर असमान है तो:

- हर दरवाज़े के भीतर शीर्ष किनारों पर लगे समायोजकों का उपयोग करें।



1. जहाँ से रेफ्रिजरेटर के साथ दरवाज़े का अंतर कम हो, वहाँ से दरवाज़ा खोलें और फिर अंतर के समान होने तक समायोजक को घड़ी की विपरीत दिशा ( ) में घुमाएँ।




2. एकबार जब दरवाज़े और रेफ्रिजरेटर के बीच का अंतर समायोजित हो जाए, तब समायोजक नट को उसके स्थान पर लॉक करने के लिए उसे घड़ी की दिशा ( ) में घुमाएँ।




## पानी डिस्पेंसर लाइन की जाँच करना

पानी का डिस्पेंसर आपके नए Samsung रेफ्रिजरेटर की उपयोगी सुविधाओं में से एक है।
बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए, Samsung का पानी का फ़िल्टर आपके पानी से अवांछित कणों को निकाल देता है।
यद्यपि, यह सूक्ष्मजीवों को नष्ट नहीं कर पाता है।
ऐसा करने के लिए आपको एक पानी शुद्धिकरण सिस्टम खरीदना पड़ सकता है।
आइस मेकर के ठीक से काम करने के लिए, 20~125 psi (138~862 kPa) (पाउंड प्रति वर्ग इंच) पानी के दाब की आवश्यकता होती है।
सामान्य परिस्थितियों में, एक 170 cc (5.75 oz.) पेपर कप को 10 सेकंड में भरा जा सकता है।
अगर रेफ्रिजरेटर किसी ऐसे स्थान पर स्थापित है जहाँ पानी का दाब कम (20 psi से कम) है, तो कम दाब की प्रतिपूर्ति करने के लिए आप एक बूस्टर पंप स्थापित कर सकते हैं।
सुनिश्चित करें कि रेफ्रिजरेटर के भीतर लगी पानी संग्रहण की टंकी ठीक प्रकार भरी है।
ऐसा करने के लिए, पानी के डिस्पेंसर के लीवर को तब तक दबाएँ जब तक पानी के आउटलेट से पानी बाहर न निकले।

पानी की लाइन की स्थापना किट को अपने डीलर से अतिरिक्त शुल्क देकर प्राप्त किया जा सकता है।
हम ताँबे की ट्यूबिंग वाली पानी आपूर्ति किट का उपयोग करने की अनुशंसा करते हैं।

उपकरण के साथ दिए गए नए होज़ सेट का उपयोग किया जाना चाहिए और पुराने होज़ सेट का दोबारा उपयोग नहीं किया जाना चाहिए.

नीचे दी गई सहायक उपकरणों की सूची देखें।

## पानी की आपूर्ति लाइन से कनेक्ट करना

1. पहले मुख्य पानी की आपूर्ति लाइन को बंद कर दें।
2. निकटतम ठंडे, पीने वाले पानी की लाइन का पता लगाएँ।
3. स्थापना किट में दिए गए पानी की लाइन स्थापित करने के निर्देशों का पालन करें।

**सावधानी**

पानी की लाइन, ठंडे पानी की पाइप से अवश्य जुड़ी होनी चाहिए। अगर यह किसी गर्म पानी की पाइप से कनेक्ट है, तो इससे पानी शोधक खराब हो सकता है।




4. पानी की आपूर्ति को पानी के फ़िल्टर से कनेक्ट करने के बाद, अपनी मुख्य पानी की आपूर्ति को चालू करें और पारदर्शी और मुख्य पानी के फ़िल्टर में लगभग 3 लीटर पानी भरें।

## पानी की लाइन को रेफ़्रिजरेटर से कनेक्ट करना

1. इकाई पर लगे पानी की लाइन के कैप को निकाल दें और फिर प्रदान की गई पानी की लाइन से अलग करने के बाद संपीड़न नट को इकाई की पानी की लाइन पर लगाएँ।
2. इकाई और किट की पानी की लाइन से दोनों पानी की लाइन को कनेक्ट करें।
3. संपीड़न नट को संपीड़न फ़िटिंग पर कस दें।
   ध्यान रखें कि दोनों आइटम के बीच कोई अंतर न हो।
4. पानी चालू करें और फिर पानी के रिसने की जाँच करें।




पानी की लाइन को केवल पीने योग्य पानी के स्रोत से कनेक्ट करें।

अगर आपको पानी की लाइन की मरम्मत करने या खोलने की आवश्यकता पड़े, तो प्लास्टिक ट्यूबिंग का 6.5 मिमी हिस्सा काट दें ताकि आपको एक सही और रिसाव-मुक्त कनेक्शन प्राप्त हो।

सावधानी

उपयोग करने से पहले, इन स्थानों में रिसाव की जाँच की जानी चाहिए।

- Samsung वारंटी में पानी की लाइन की स्थापना शामिल नहीं है।
- अगर खुदरा मूल्य में स्थापना शुल्क शामिल नहीं है तो इसे ग्राहक के खर्चे पर किया जाएगा।
- अगर आवश्यक हो तो स्थापना के लिए प्लंबर या प्राधिकृत स्थापनाकर्ता से संपर्क करें।
- अगर गलत स्थापना की वजह से पानी का रिसाव होता है, तो कृपया स्थापनाकर्ता से संपर्क करें।






1. संपीड़न नट ( **A** ) को आपूर्ति की गई प्लास्टिक ट्यूबिंग ( **A** ) के लगाएँ।
2. संपीड़न नट ( **A** ) को 1/4" संपीड़न फ़िटिंग पर कसें।

- अगर आप ताँबे की ट्यूबिंग का उपयोग कर रहे हैं, तो संपीड़न नट ( **B** ) (सम्मिलित नहीं) और फेरल (सम्मिलित नहीं) को ताँबे की ट्यूबिंग (सम्मिलित नहीं) पर लगाएँ जैसा कि दिखाया गया है।
- अगर आप प्लास्टिक की ट्यूबिंग ( **B** ) का उपयोग कर रहे हैं, तो प्लास्टिक ट्यूबिंग ( **B** ) के मोल्ड किए गए सिरे (बल्ब) को संपीड़न फ़िटिंग में लगाएँ।

सावधानी

प्लास्टिक ट्यूबिंग ( **B** ) के मोल्ड किए गए सिरे (बल्ब) के बिना उपयोग न करें।

3. संपीड़न नट ( **B** ) को संपीड़न फ़िटिंग पर कस दें।
   संपीड़न नट ( **B** ) को बहुत अधिक न कसें।
4. पानी चालू करें और फिर पानी के रिसने की जाँच करें।

पानी की लाइन को केवल पीने योग्य पानी के स्रोत से कनेक्ट करें। अगर आपको पानी की लाइन की मरम्मत करने या खोलने की आवश्यकता पड़े, तो प्लास्टिक ट्यूबिंग का 1/4“ हिस्सा काट दें ताकि आपको एक सही और रिसाव-मुक्त कनेक्शन प्राप्त हो।

## आइस मेकर का उपयोग करने से पहले

### निकालें

- आइसमेकर बकेट को ऊपर उठाकर और धीरे से बाहर खींच कर उसे निकालें।
- हैंडल को इस तरह पकड़ें जैसा चित्र में दिखाया गया है।
- क्षति से बचाने के लिए आइस बकेट को धीरे से निकालें।



चित्र 1

दराज़ के कवर को निकालते समय अत्यधिक बल का उपयोग न करें। अन्यथा, कवर टूट सकता है या चोट लग सकती है।

सहायक उपकरणों को निकालने से पहले, सुनिश्चित करें कि रास्ते में कोई भोजन नहीं है।
संभव होने पर दुर्घटना के जोखिम को कम करने के लिए सारे भोजन को निकाल दें।

### स्थापना करें

- आइसमेकर को निकालने के विपरीत क्रम में लगाएँ।
- बकेट को मजबूती से तब तक दबाएँ जब तक क्लिक की आवाज़ सुनाई न दे।

## सर्विस कॉल करने से पहले

- आइस मेकर द्वारा बकेट में बर्फ़ डाले जाने पर आपको सुनाई देने वाली आवाज़ सामान्य संचालन का भाग है।
- अगर आप लंबे समय तक बर्फ़ नहीं निकालते हैं, तो आइस बकेट में बर्फ़ का ढेर बन सकता है।
  अगर बर्फ़ का ढेर बनता है, तो शेष बर्फ़ को निकाल दें और बकेट को खाली दें।
- जब बर्फ़ बाहर न निकले, तो देखें कि शूट में बर्फ़ तो नहीं है और उसे निकाल दें।




चित्र 3

सावधानी

- जब प्रदर्शन पैनल पर Ice Off (बर्फ़ बंद) चमकता है, तो बकेट को पुनः लगाएँ और/या सुनिश्चित करें यह ठीक प्रकार लगी है।
- दरवाज़ा खोले जाने पर, बर्फ़ और पानी का डिस्पेंसर कार्य नहीं करता है।
- अगर आप दरवाज़े को बहुत तेज़ बंद करते हैं, तो आइस मेकर के ऊपर पानी फैल सकता है।
- आइस बकेट को गिरने से बचाने के लिए उसे दोनों हाथों से निकालें।
- चोट से बचने के लिए, पानी पर गिरी बर्फ़ या पानी को ध्यान से साफ करें।
- बच्चों को आइस डिस्पेंसर या बकेट पर न लटकने दें।
  इससे उन्हें चोट लग सकती है।
- आइस शूट में हाथ या कोई अन्य वस्तु न रखें।
  इससे निजी चोट लग सकती है या यांत्रिक पुर्ज़े क्षतिग्रस्त हो सकते हैं।

## फ़िल्टर की स्थापना के बाद पानी की आपूर्ति लाइन के भीतर से शेष सामग्री को निकाल दें।

1. मुख्य पानी की आपूर्ति को चालू करें।
2. डिस्पेंसर लीवर को दबाएँ।
3. उपयोग करने से पहले फ़िल्टर से 1 गैलन पानी गुज़ारें। (लगभग 6 मिनट तक पानी बहाएँ।)
   इससे पानी आपूर्ति सिस्टम साफ हो जाएगा और लाइन से वायु निकल जाएगी।
4. कुछ घरों में अतिरिक्त पानी गुज़ारना पड़ सकता है।
5. रेफ्रिजरेटर का दरवाज़ा खोलें और सुनिश्चित करें पानी के फ़िल्टर से पानी नहीं रिस रहा है।





नए लगाए गए पानी के फ़िल्टर के कार्टिज़ से पानी के डिस्पेंसर से थोड़ा पानी निकल सकता है।
ऐसा लाइन में वायु जाने के कारण होने से होता है।
इससे संचालन में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

## आइस ट्रे में जाने वाली पानी की मात्रा की जाँच करें।

1. आइसमेकर कवर को ऊपर उठाएँ और इसे आराम से बाहर खींचें।
2. जब आप Test (परीक्षण) बटन को 3 सेकंड तक दबाते हैं, तो आइस क्यूब कंटेनर, पानी आपूर्ति की टंकी से पानी से भर जाता है।
   यह सुनिश्चित करने के लिए जाँच करें कि पानी की मात्रा सही है (नीचे दिया गया चित्र देखें)।
   अगर पानी का स्तर बहुत कम है, आइस क्यूब छोटी होंगी।
   यह मुख्य पानी के पाइप में से पानी के दाब की समस्या है, रेफ़्रिजरेटर की नहीं।




आइस मेकर

पानी का स्तर जाँचें




Test (परीक्षण) बटन

सावधानी

- Test (परीक्षण) बटन दबाने के बाद पानी को सही स्तर तक पहुँचने में कुछ मिनट लग सकते हैं।

- जब ट्रे बर्फ़ या पानी से भरी हो test (परीक्षण) बटन को लगातार न दबाएँ। पानी फैल सकता है या बर्फ़ अवरुद्ध हो सकती है।
- जब बकेट स्थापित न हो, तो हो सकता है कि आइस मेकर कार्य न करे।
- जब प्रदर्शन पैनल पर Ice Off (बर्फ़ बंद) चमकता है, तो बकेट को पुनः लगाएँ और/या सुनिश्चित करें यह ठीक प्रकार लगी है।



DA68-02976B-04.indb 28 2015. 4. 28. □□ 1:47

# अपने samsung रेफ्रिजरेटर को संचालित करना

## नियंत्रण पैनल का उपयोग करना

**कूलसलेक्ट मॉडल  (RH77H90*)**




**डिस्पेंसर मॉडल (RH77H80*)**




**सामान्य मॉडल**







| ( 1 ) | **Freezer / Power Freeze (3 sec)**<br>**(फ्रीज़र / पावर फ्रीज़ (3 सेकंड))** |
|---|---|
| | Freezer (फ्रीज़र) बटन दो उद्देश्यों को पूरा करता है:<br>- फ्रीज़र को आपके इच्छित तापमान पर सेट करना।<br>- Power Freeze (पावर फ्रीज़) फ़ंक्शन को चालू और बंद करना।<br><br>1. फ्रीज़र तापमान सेट करने के लिए, Freezer (फ्रीज़र) बटन स्पर्श करें।<br>आप 5 °F (-15 °C) और -8 °F (-23 °C) के बीच तापमान सेट कर सकते हैं।<br><br>2. Power Freeze (पावर फ्रीज़) फ़ंक्शन<br>फ्रीज़र में उत्पादों को फ्रीज़ करने के लिए आवश्यक समय को कम करने के लिए इस बटन को 3 सेकंड तक स्पर्श करके रखें।<br>यह उस स्थिति में उपयोगी हो सकता है जब आपको आसानी से खराब होने वाले आइटम को तेज़ी से फ्रीज़ करना हो या फ्रीज़र में तापमान अचान गर्म हो गया हो।<br>(उदाहरण के लिए, दरवाज़ा खुल छोड़ दिया गया हो)<br>जब आप इस फ़ंक्शन का उपयोग करेंगे, तो रेफ्रिजरेटर की बिजली की खपत बढ़ जाएगी।<br>जब आपको इसकी आवश्यकता न हो तो ध्यान से इसे बंद करें और फ्रीज़र को वापस मूल तापमान सेटिंग पर सेट कर दें।<br>अगर आपको अधिक मात्रा में भोजन फ्रीज़ करना है, तो फ्रीज़र में भोजन रखने से कम से कम 20 घंटे पहले Power Freeze (पावर फ्रीज़) फ़ंक्शन को सक्रिय कर दें। |

| ( 2 ) | **Lighting / °C↔°F (3 sec)(लाइटिंग / °C↔°F (3 सेकंड))** |
|---|---|
| | Lighting (लाइटिंग) बटन दो उद्देश्यों को पूरा करता है:<br>- डिस्पेंसर की लाइट को चालू और बंद करने के लिए<br>- तापमान की इकाइयों को °C और °F के बीच स्विच करने के लिए।<br><br>1. लाइट फ़ंक्शन<br>Lighting (लाइटिंग) बटन को स्पर्श करने से डिस्पेंसर LED लैंप सतत मोड में चालू हो जाती है ताकि यह निरंतर चालू रहे।<br>बटन भी चमकने लगता है।<br>अगर आप डिस्पेंसर लैंप को केवल तब चालू करना चाहते हैं जो कोई डिस्पेंसर का उपयोग करे, तो सतत मोड को बंद करने के लिए Lighting (लाइटिंग) बटन को दबाएँ।<br><br>2. तापमान की इकाइयों को °C और °F के बीच स्विच करने के लिए।<br>अपने इच्छित तापमान प्रदर्शन का चयन करने के लिए इस बटन को 3 सेकंड तक दबाकर रखें।<br>हर बार जब आप इस बटन को दबाकर रखते हैं, तो °C और °F तापमान मोड बदलते हैं और °C या °F आइकन चमकते हैं जो आपका चयन दर्शाता है। |

| ( 3 ) | **Vacation / Filter Reset (3 sec)**<br>**(छुट्टी / फ़िल्टर रीसेट (3 सेकंड))** |
|---|---|
| | Vacation (छुट्टी) बटन दो उद्देश्यों को पूरा करता है:<br>- Vacation (छुट्टी) मोड को चालू या बंद करने के लिए<br>- पानी के फ़िल्टर का जीवन संकेतक रीसेट करने के लिए।<br><br>1. Vacation (छुट्टी) फ़ंक्शन<br>अगर आप छुट्टियों या व्यावसायिक यात्रा पर जा रहे हैं या आपको रेफ़्रिजरेटर का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं है, तो Vacation (छुट्टी) बटन दबाएँ। जब आप फ्रिज कंपार्टमेंट को बंद करने के लिए vacation (छुट्टी) बटन का चयन करेंगे तो Vacation (छुट्टी) की LED चालू हो जाएगी।<br>इस बात की दृढ़ता से अनुशंसा की जाती है कि जब आप Vacation (छुट्टी) बटन का चयन करें तो ताज़ा भोजन के कंपार्टमेंट से भोजन को निकाल दें और दरवाज़े को खुला न छोड़ें।<br><br>2. Water Filter Life Indicator (पानी के फ़िल्टर के जीवन का संकेतक) फ़ंक्शन<br>जब आप पानी के फ़िल्टर को प्रतिस्थापित कर लें, तो पानी के फ़िल्टर के जीवन का संकेतक रीसेट करने के लिए इस बटन को 3 सेकंड तक दबाकर रखें। जब आप पानी के फ़िल्टर के जीवन के संकेतक को रीसेट कर देते हैं, पैनल पर लगया फ़िल्टर आइकन बंद हो जाता है।<br>छः महीने (लगभग 300 गैलन) के बाद आपको यह बताने के लिए फ़िल्टर आइकन लाल हो जाएगा कि पानी के फ़िल्टर को बदलने का समय हो गया है।<br>कुछ क्षेत्रों के पानी में अधिक मात्रा चूना होता है, जिससे पानी का फ़िल्टर अधिक तेज़ी से अवरुद्ध हो जाता है।<br>अगर आपके क्षेत्र में भी यही स्थिति है, तो हर छः महीनों की बजाय कम अंतराल पर फ़िल्टर को बदलना होगा। |

| ( 4 ) | **Fridge / Power Cool (3 sec) (फ्रिज / पावर कूल (3 सेकंड))** |
|---|---|
| | Fridge (फ्रिज) बटन दो उद्देश्यों को पूरा करता है:<br>- Fridge (फ्रिज) को अपने इच्छित तापमान पर सेट करने के लिए।<br>- Power Cool (पावर कूल) फ़ंक्शन को चालू या बंद करने के लिए।<br><br>1. फ्रिज का तापमान सेट करने के लिए, Fridge (फ्रिज) बटन दबाएँ। आप तापमान को 44 °F (7 °C) और 34 °F (1 °C) के बीच सेट कर सकते हैं।<br><br>2. Power Cool (पावर कूल) फ़ंक्शन<br>रेफ़्रिजरेटर में रखे उत्पादों को ठंडा करने में लगने वाले समय को कम करने के लिए इस बटन को 3 सेकंड तक स्पर्श करके रखें।<br>अगर आप जल्दी खराब होने वाले आइटम को तेज़ी से ठंडा करना चाहते हैं या अगर फ्रिज का तापमान अचानक बढ़ जाता है तो यह उपयोगी हो सकता है।<br>(उदाहरण के लिए, अगर दरवाज़ा खुला छोड़ दिया गया हो) |

| ( 5 ) | **Cool Select Zone (कूल सलेक्ट ज़ोन)** |
|---|---|
| | अपने इच्छित CoolSelect Zone (कूल सलेक्ट ज़ोन) प्रकार का चयन करने के लिए इस बटन को स्पर्श करें।<br>(पृष्ठ 39 पर दी गई विस्तृत जानकारी देखें।) |

| ( 6 ) | **Ice Maker Off (आइस मेकर बंद)** |
|---|---|
| OFF | आइस मेकर बंद करें बटन दो उद्देश्य पूर्ण करता है:<br>- आइस मेकर को चालू या बंद करना<br>- नियंत्रण लॉक फ़ंक्शन को चालू या बंद करना<br><br>1. आइस मेकर बंद करें फ़ंक्शन<br>अगर आप और बर्फ़ नहीं बनाना चाहते हैं, तो आइस मेकर बंद करें बटन दबाएँ।<br><br>2. नियंत्रण लॉक फ़ंक्शन<br>प्रदर्शन और डिस्पेंसर बटन लॉक करने के लिए इस बटन को 3 सेकंड तक दबाकर रखें ताकि इन बटनों का उपयोग नहीं किया जा सके।<br>भले ही डिस्पेंसर लीवर को दबाकर रखा जाए, लेकिन नियंत्रण लॉक चालू होने पर रेफ़्रिजरेटर बर्फ़ या पानी को डिस्पेंस नहीं करता है।<br>यह इंगित करने के लिए कि आपने नियंत्रण लॉक फ़ंक्शन सक्रिय किया है या नहीं नियंत्रण लॉक आइकन जल जाता है। अनलॉक करने के लिए 3 सेकंड तक दबाए रखें।<br>आइस मेकर फ़ंक्शन चालू होने और पानी की लाइन जुड़ी न होने पर पिछे के हिस्से से पानी का वॉल्व शोर कर सकता है। जब तक बर्फ़ बंद है संकेतक ( OFF ) जल नहीं जाता, तब तक कम-से-कम 3 सेकंड के लिए आइस मेकर बंद करें (नियंत्रण लॉक [3 सेकंड]) बटन दबाकर रखें। |

बिजली की बचत करने के लिए, पैनल प्रदर्शन निम्न परिस्थितियों में अपने आप बंद हो जाता है: जब कोई बटन न दबाया जाए, जब दरवाज़ा न खोला जाए या जब डिस्पेंसर लीवर को न दबाया जाए।
हालांकि, आपके क्यूब वाली या कुचली हुई बर्फ़ का चयन दिखाने वाला आइकन चालू रहेगा।
जब आप कोई बटन दबाते हैं, दरवाज़ा खोलते हैं या डिस्पेंसर लीवर को दबाते हैं,तो पैनल प्रदर्शन पुनः चालू हो जाता है।
जिस बटन को आप अभी दबा रहे हैं, उससे उंगली उठाने के बाद केवल Water (पानी) और Cubed (क्यूब) / Crushed (कुचली हुई) बर्फ़ बटन को छोड़कर, सभी फ़ंक्शन बटन संचालनीय हो जाएँगे।

| | **Water (पानी)** |
|---|---|
| Water | यह संकेतक हमेशा चालू रहना चाहिए क्योंकि यह उस प्रक्रिया को इंगित करता है, जिससे पता चलता है कि पानी सही ढंग से डिस्पेंस हो रहा है या नहीं। |

| ( 7 ) | Cubed Ice (क्यूब वाली बर्फ़) |
|---|---|
| **( 8 )** | **Crushed Ice (कुचली हुई बर्फ़)** |
| Cubed Crushed | आप जिस प्रकार की बर्फ़ निकालना चाहते हैं उसका चयन करने के लिए Cubed Ice (क्यूब वाली बर्फ़) या Crushed Ice (कुचली हुई बर्फ़) बटन को दबाएँ।<br>हर बार जब इस बटन को दबाएँगे, तो क्यूब वाली बर्फ़ और कुचली हुई बर्फ़ मोड बदलते हैं और Cubed (क्यूब वाली बर्फ़) या Crushed (कुचली हुई बर्फ़) बर्फ़ आइकन चमकते हैं, जो आपके चयन को दर्शाते हैं।<br>अगर आपको बर्फ़ की आवश्यकता नहीं है, तो पानी और बिजली की बचत करने के लिए इस फ़ंक्शन को बंद कर दें (नीचे आइस मेकर बंद करें देखें)। |

| ( 9 ) | Filter (फ़िल्टर) |
|---|---|
| | **पानी के फ़िल्टर का उपयोग**<br>जब आपको फ़िल्टर को बदलने का आवश्यकता होती है तो यह आइकन प्रकाशित होता है, सामान्यतः जब रेफ़्रिजरेटर से 300 गैलन पानी निकाल लिया जाता है (6 महीनों के बाद)।<br>आपके दरवाजे के खोलने या बंद करने पर आइकन कई सेकेंड तक लाल टिमटिमाता रहेगा।<br>जब आप नया पानी का फ़िल्टर स्थापित कर लें, तो Filter Reset (फ़िल्टर रीसेट) बटन के Hold 3sec (3 सेकंड दबाएँ) को 3 सेकंड स्पर्श करके फ़िल्टर संकेतक को रीसेट कर दें।<br>- अगर पानी नहीं निकल रहा है या धीरे निकल रहा है, तो आपको पानी का फ़िल्टर बदलना होगा क्योंकि पानी का फ़िल्टर अवरुद्ध हो चुका है।<br>- कुछ क्षेत्रों के पानी में अधिक मात्रा चूना होता है, जिससे पानी का फ़िल्टर अधिक तेज़ी से अवरुद्ध हो जाता है। |

| ( 10 ) | Control Lock (नियंत्रण लॉक) |
|---|---|
| | आपके द्वारा लॉक फ़ंक्शन सक्रिय करने पर यह आइकन जल जाता है। जब नियंत्रण लॉक आइकन जल रहा हो, तो बर्फ़ बटन और डिस्पेंसर सहित सभी पैनल बटन लॉक और निष्क्रिय हो जाते हैं।<br>नियंत्रण लॉक बंद और पैनल बटन को पुनः सक्रिय करने के लिए 3 सेकंड तक आइस मेकर बंद करें/नियंत्रण लॉक बटन को दबाकर रखें। |

| ( 11 ) | Alarm (अलार्म) |
|---|---|
| | इस बटन को स्पर्श करने से दरवाज़ा खुलने का अलार्म चालू या बंद होता है।<br>अगर दरवाज़े का अलार्म चालू पर सेट हो, तो अगर रेफ़्रिजरेटर का कोई भी दरवाज़ा दो मिनट से अधिक समय तक खुला रहने पर अलार्म बीप की आवाज़ करता है।<br>दरवाज़ा बंद हो जाने पर बीप की आवाज़ बंद हो जाती है।<br>फ़ैक्टरी में दरवाज़े का अलार्म फ़ंक्शन चालू पर प्री-सेट होता है।<br>आप Alarm (अलार्म) बटन को दबाकर और फिर छोड़कर उसे बंद कर सकते हैं।<br>आप इसी तरीके से उसे वापस चालू कर सकते हैं।<br>फ़ंक्शन चालू होने पर आइकन प्रकाशित होता है।<br>जब Door Alarm (दरवाज़े का अलार्म) फ़ंक्शन चालू होता है और अलार्म की ध्वनि सुनाई देने लगती है, तो अलार्म की ध्वनि के दौरान Door Alarm (दरवाज़े का अलार्म) आइकन ब्लिंक करने लगता है। |

## पुर्ज़े और सुविधाएँ

रेफ़्रिजरेटर के पुर्ज़ों और सुविधाओं को और अच्छे से जानने के लिए इस पृष्ठ का उपयोग करें।
(यह छवि मॉडल के अनुसार अलग-अलग हो सकती है।)

**RH77H90*, RH77H80***




**सामान्य मॉडल**



| ( 1 ) | **फ्रीज़र शेल्फ़** |
|---|---|

इसका उपयोग माँस, मछली, जमे हुए डम्पलिंग, आइस क्रीम और अन्य प्रकार के जमे हुए भोजन संग्रहीत करने के लिए किया जाता है।

| ( 2 ) | **बहु-उद्देशीय फ्रीज़र कंपार्टमेंट** |
|---|---|

अधिक प्रभावी भोजन संग्रहण के लिए लंबे फ्रीज़ कंपार्टमेंट लगे हैं।
हालांकि, इन कंपार्टमेंट का उपयोग आइस क्रीम या ऐसे पदार्थों के लिए न करें जिन्हें आप लंबे समय तक संग्रहीत करना चाहते हैं।

| ( 3 ) | **सूखा भोजन और माँस संग्रहण पात्र** |
|---|---|

इसका उपयोग सूखे भोजन और माँस को लंबे समय तक संग्रहीत करने के लिए किया जाता है।
आइटम को संग्रहीत करने से पहले उन्हें एल्यूमीनियम फ़ॉइल या रसोई के रैप में लपेटें।

| ( 4 ) | **चीज़ केस** |
|---|---|

इसका उपयोग अंडे, चीज़, मक्खन, और अन्य प्रकार के डेयरी उत्पाद संग्रहीत करने के लिए किया जाता है।

| ( 5 ) | **सॉस केस** |
|---|---|

इसका उपयोग भिन्न प्रकार की सॉस को संग्रहीत करने के लिए किया जाता है।

| ( 6 ) | **ड्रिंक केस** |
|---|---|

इसका उपयोग पानी, दूध, जूस, और अन्य प्रकार के पेय पदार्थ संग्रहीत करने के लिए किया जाता है।

| ( 7 ) | **स्नैक केस (वैकल्पिक)** |
|---|---|

इसका उपयोग सलाद और अतिरिक्त व्यंजनों को संग्रहीत करने के लिए किया जाता है।

| ( 8 ) | **बच्चों का केस (वैकल्पिक)** |
|---|---|

यह उस ऊँचाई पर लगा है जहाँ तक बच्चे आसानी से पहुँच सकें। दही, स्नैक और बच्चों के अन्य आइटम संग्रहीत करने के लिए इसका उपयोग करें।

| ( 9 ) | **मल्टी केस** |
|---|---|

इसका उपयोग सुखाई गई न्यूडल (स्पैघेटी), झटका गोमांस आदि जैसे पानी-रहित भोजन को संग्रहीत करने के लिए किया जाता है।

| ( 10 ) | **शराब की रैक (वैकल्पिक)** |
|---|---|

शराब की बोतलों को संग्रहीत करने के लिए इष्टतम स्थान प्रदान करके शराब के स्वाद को बनाए रखने में सहायता करता है।

| ( 11 ) | **EZ स्लाइड शेल्फ़ (वैकल्पिक)** |
|---|---|

भोजन को बाहर निकालना आसान है।

| ( 12 ) | **Cool Select Zone (कूल सलेक्ट ज़ोन) (वैकल्पिक)** |
|---|---|

इसका उपयोग ऐसे आइटम को संग्रहीत करने में, जिन्हें थोड़ा ठंडा रखने की आवश्यकता होती है और माँस और मछली को संग्रहीत करने के लिए किया जाता है जिन्हें तुरंत बनाना होता है।

| ( 13 ) | **सेहतमंद सब्जी पात्र** |
|---|---|

इसका उपयोग फलों और सब्जियों को ताज़ा रखने के लिए किया जाता है।

| ( 14 ) | **बर्फ़ संग्रहण बॉक्स** |
|---|---|

इसका उपयोग बर्फ़ को संग्रहीत करने के लिए किया जाता है।
वैकल्पिक रूप से आप पात्र को बाहर निकाल सकते हैं और फ्रीज़र के भीतर अधिक स्थान खाली कर सकते हैं।

| ( 15 ) | रेफ़्रिजरेटर शेल्फ़ |
|---|---|
| इसका उपयोग सामान्य प्रकार के भोजनों को रखने के लिए किया जाता हैं, जिन्हें रेफ़्रिजरेशन की आवश्यकता होती है। | |

| ( 16 ) | आइस मेकर बकेट (केवल डिस्पेंसर मॉडल) |
|---|---|
| आसानी से बहुत सारी बर्फ़ संग्रहीत करने के लिए बनाया गया। | |
| चेतावनी | आइस शूट या आइस मेकर बकेट में अपनी उंगली, हाथ या कोई अन्य वस्तु न रखें।<br>ऐसा करने से निजी चोट लग सकती है या सामग्री की क्षति हो सकती है |

| ( 17 ) | स्नैक पात्र (वैकल्पिक) |
|---|---|
| इसका उपयोग छोटे जमे हुए भोजन जैसे आइस क्रीम को संग्रहीत करने के लिए किया जाता है। | |

चेतावनी

- अगर आप बहुत अधिक समय के लिए बाहर जाने की योजना बनाते हैं, तो रेफ़्रिजरेटर को खाली करें और उसे बंद कर दें। उपकरण के भीतर से अधिक नमी को पोंछ दें और दरवाज़ों को खुला छोड़ दें। यह दुर्गंध और फफूँद को उत्पन्न होने से रोकता है।
- यदि लंबे समय तक रेफ़्रिजरेटर का उपयोग नहीं होगा, तो बिजली का प्लग निकाल दें।

- बिजली के तार में विद्युत-रोधन क्षीण पड़ने से आग लग सकती है।

# तापमान को नियंत्रित करना

## फ़्रीज़र और रेफ़्रिजरेटर कंपार्टमेंट का मूल तापमान

फ़्रीज़र और फ़्रिज कंपार्टमेंट का मूल और अनुशंसित तापमान क्रमशः -2 °F और 37 °F (या -19 °C और 3 °C) होता है।
अगर फ़्रीज़र या रेफ़्रिजरेटर का तापमान बहुत अधिक या कम है, तो तापमान को मैनुअल रूप से समायोजित करें।

## फ़्रीज़र का तापमान नियंत्रित करना

**RH77***




**अनुशंसित तापमान (फ़्रीज़र) : -2 °F (या -19 °C )**
**(यह छवि मॉडल के आधार पर भिन्न हो सकती है।)**

आपकी विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए फ़्रीज़र का तापमान -8 °F और 5 °F (या -23 °C और -15 °C) के बीच सेट किया जा सकता है।तापमान प्रदर्शन पर इच्छित तापमान दिखाई देने तक Freezer (फ़्रीज़र) बटन को लगातार दबाते रहें।
हर बार दबाए जाने पर तापमान 1 °F (या 1 °C) बदलेगा। नीचे देखें।

**फ़ारेनहाइट** : 0 °F → -1 °F → -2 °F → -3 °F → -4 °F → -5 °F → -6 °F → -7 °F → -8 °F → 5 °F → 4 °F → 3 °F → 2 °F → 1 °F → 0 °F।
सेंटीग्रेड : -18 °C → -19 °C → -20 °C → -21 °C → -22 °C → -23 °C → -15 °C → -16 °C → -17 °C → -18 °C।

ध्यान रखें कि आइस क्रीम जैसा भोजन 4 °F (या -15.5 °C) पर पिघल सकता है।
तापमान प्रदर्शन क्रमानुसार रूप से -8 °F से 5 °F (या -23 °C से -15 °C) तक स्थानांतरित होगा।

## फ़्रिज का तापमान नियंत्रित करना

**RH77***




**अनुशंसित तापमान (फ़्रिज) : 37 °F (या 3 °C )**
**(यह छवि मॉडल के आधार पर भिन्न हो सकती है।)**

आपकी विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए फ़्रिज का तापमान 34 °F और 44 °F (या 1 °C और 7 °C के बीच) के बीच सेट किया जा सकता है।
तापमान प्रदर्शन पर इच्छित तापमान दिखाई देने तक Fridge (फ़्रिज) बटन को लगातार दबाते रहें।
हर बार दबाए जाने पर तापमान 1 °F (या 1 °C) बदलेगा। नीचे देखें।

**फ़ारेनहाइट** : 37 °F → 36 °F → 35 °F → 34 °F → 44 °F → 43 °F → 42 °F → 41 °F → 40 °F → 39 °F → 38 °F → 37 °F।
सेंटीग्रेड : 3 °C → 2 °C → 1 °C → 7 °C → 6 °C → 5 °C → 4 °C → 3 °C।

फ़्रिज की तापमान नियंत्रण प्रक्रिया बिल्कुल फ़्रीज़र की प्रक्रिया की तरह ही कार्य करती है।
अपना इच्छित तापमान सेट करने के लिए Fridge (फ़्रिज) बटन दबाएँ।
कुछ सेकंड बाद, फ़्रिज नए सेट किए गए तापमान की ओर समायोजित होना आरंभ कर देगा।
यह डिजिटल प्रदर्शन में प्रदर्शित होगा।

- जब आप दरवाज़ों को बहुत ज्यादा बार खोलते हैं या अगर बड़ी मात्रा में गर्म भोजन रेफ़्रिजरेटर में रखा जाता है तो फ़्रीज़र या फ़्रिज का तापमान बढ़ सकता है।
- इसके कारण डिजिटल प्रदर्शन चमकने लगता है।
  फ़्रीज़र और फ़्रिज जब सामान्य तापमान पर वापस लौट जाते हैं तो चमकना बंद हो जाता है।
- अगर चमकना जारी रहता है, तो हो सकता ही आपको रेफ़्रिजरेटर को "रीसेट" करना पड़े।
  उपकरण का प्लग निकालें, लगभग 10 मिनट तक प्रतीक्षा करें और फिर बिजली के तार को वापस लगाएँ।

## ठंडे पानी के डिस्पेंसर का उपयोग करना

### आप क्या निकालना चाहते हैं उसका चयन करने के लिए उचित बर्फ़ प्रकार का बटन दबाएँ।




#### बर्फ़ लीवर ( 1 ) का उपयोग करना

बर्फ़ लीवर डिस्पेंसर **( 1 )** को अपने गिलास से धीरे से दबाएँ।
डिस्पेंसर से बर्फ़ निकलेगी।
आप पहले cubed (क्यूब वाली) या crushed (कुचली हुई) बटन को दबाकर बर्फ़ के प्रकार का चयन कर सकते हैं।

#### पानी के लीवर ( 2 ) का उपयोग करना

पानी के लीवर डिस्पेंसर **( 2 )** को अपने गिलास से धीरे से दबाएँ।
डिस्पेंसर से पानी निकलने लगेगा।




अगर आप पानी और बर्फ़ के लीवर को लगभग एक ही समय पर दबाते हैं, तो भी डिस्पेंसर केवल उसी विकल्प पर संचालन करता है जो वास्तव में पहले दबाया गया था।

पानी निकालने के बाद पानी को फैलने से रोकने के लिए कृपया कप को हटाने से पहले 1 सेकंड तक प्रतीक्षा करें।
बर्फ़ या पानी निकालने के बाद लीवर डिस्पेंसर को खींचें नहीं।
यह अपने आप वापस आ जाता है।

#### बर्फ़ और पानी के डिस्पेंसर को एक साथ उपयोग करना

बर्फ़ और पानी प्राप्त करने के लिए, तो पहले बर्फ़ के लिए बर्फ़ के लीवर **( 1 )** को खींचें, फिर अपने गिलास को नीचे करें और पानी के लिए पानी के लीवर **( 2 )** को दबाएँ।

सावधानी

पानी को फैलने से रोकने के लिए कृपया गिलास को हटाने से पहले 2 सेकंड तक प्रतीक्षा करें।
रेफ्रिजरेटर का दरवाज़ा खुला होने पर डिस्पेंसर काम नहीं करता है।

- लीवर को बाहर न खींचें।
  आप लीवर की स्प्रिंग को क्षतिग्रस्तर कर सकते हैं या तोड़ सकते हैं।
- बर्फ़ के पात्र/बकेट को साफ करने के लिए, हल्के डिटर्जेंट से धोएँ, दीवार साफ करें और उसे पूरी तरह साफ करें।
  कठोर या खुदरे क्लीनर या विलायकों का उपयोग न करें।
- अगर बर्फ़ बाहर नहीं आती है, तो आइस बकेट को बाहर निकालें और आइस मेकर के दाईं ओर लगे परीक्षण बटन को दबाएँ।
- ट्रे जब बर्फ़ या पानी से भरी हो तो परीक्षण बटन को लगातार न दबाएँ।
  पानी फैल सकता है या बर्फ़ से बकेट जाम हो सकती है।

- जब आप Test (परीक्षण) बटन दबाते हैं, तो आपको रेफ्रिजरेटर की झनझनाहट (डिंग-डोंग) सुनाई देगी। झनझनाहट की आवाज़ आने पर Test (परीक्षण) बटन को छोड़ दें।
- झनझनाहट की आवाज़ फिर से अपने आप सुनाई देगी जो आपको ये बताएगी कि आइस मेकर ठीक प्रकार कार्य कर रहा है।

सावधानी

अगर बिजली चली जाती है, तो बर्फ़ की क्यूब पिघल सकती हैं और बिजली वापस आने पर एक साथ जम सकती हैं, इससे डिस्पेंसर खराब हो सकता है।
इस समस्या से बचने के लिए, बिजली जाने के बाद आइस बकेट को निकालें और शेष बर्फ़ या पानी को हटा दें।

**सावधानी**

जब आप आइस बकेट से बर्फ़ को हटा दें, तो आपको 'ICE CUBED' (क्यूब वाली बर्फ़) या 'CRUSHED' (कुचली हुई बर्फ़) फ़ंक्शन चालू रहते हुए एकबार डिस्पेंसर लीवर दबा देना चाहिए।

जब आप आइस बकेट को रेफ्रिजरेटर को वापस लगाएँगे, तो आइस मेकर तेज़ी से नई बर्फ़ बनाएगा।

**चेतावनी**

- आइस शूट या आइस मेकर बकेट में अपनी उंगली, हाथ या कोई अन्य वस्तु न रखें।

- ऐसा करने से निजी चोट लग सकती है या सामग्री की क्षति हो सकती है।
- केवल रेफ्रिजरेटर के साथ प्रदान किए गए आइस मेकर का उपयोग करें।
- इस रेफ्रिजरेटर की पानी की लाइन किसी उपयुक्त योग्य व्यक्ति द्वारा ही स्थापित / कनेक्ट की जानी चाहिए और पीने योग्य पानी की आपूर्ति से कनेक्ट होनी चाहिए।
- आइस मेकर को ठीक से कार्य करने के लिए 20 - 125 psi (138~862 kPa) के पानी के दाब की आवश्यकता होती है।

**सावधानी**

- अगर आप लंबी छुट्टियों या व्यावसायिक यात्रा पर जा रहे हैं और उस दौरान पानी या आइस डिस्पेंसर का उपयोग नहीं करेंगे, तो रिसाव से बचने के लिए पानी के वाल्व को बंद कर दें।
- अगर आपने कुछ समय से आइस मेकर का उपयोग नहीं किया है या आपने फ्रीज़र के दरवाज़े को बार-बार खोला है तो बर्फ़ एक साथ चिपक सकती है। अगर ऐसा होता है, आइस बकेट को खाली करें या रसोई के लकड़ी के किसी उपकरण से बर्फ़ को तोड़ें।
  चाकू या काँटे जैसे तेजधार आइटम का उपयोग न करें।
- जब आप आइस बकेट को निकालते हैं, तो उस समय भी आइस मेकर में थोड़ी बर्फ़ शेष बच सकती है।
  आइस मेकर इस बर्फ़ को फ्रीज़र में निकाल सकता है।

## बर्फ़ के डिस्पेंसर का उपयोग करना

अपना इच्छित बर्फ़ प्रकार चुनने के लिए Ice (बर्फ़) बटन दबाएँ।
अपने कप को बर्फ़ के आउटलेट के नीचे लगाएँ और फिर आराम से डिस्पेंसर पैड को दबाएँ।
बर्फ़ को निकलकर बाहर गिरने से बचाने के लिए सुनिश्चित करें कि गिलास डिस्पेंसर की सीध में है।
अगर आप Crushed Ice (कुचली हुई बर्फ़) सुविधा का उपयोग करने के बाद Cubed Ice (क्यूब वाली बर्फ़) चुनते हैं तो कुचली हुई बर्फ़ की शेष बची मात्रा निकल सकती है।




**सावधानी**

- अगर बर्फ़ नहीं निकलती है, आइसमेकर कवर को खींचें और आइस मेकर पर लगे test (परीक्षण) बटन को दबाएँ।
- जब ट्रे बर्फ़ या पानी से भरी हो test (परीक्षण) बटन को लगातार न दबाएँ। पानी फैल सकता है या बर्फ़ से आइसमेकर या डिस्पेंसर जाम हो सकता है।



Test (परीक्षण) बटन



DA68-02976B-04.indb 38 2015. 4. 28. □□ 1:47

अधिक स्थान के लिए, आप आइस बकेट की बजाय गार्ड फ़्री-अप में भोजन संग्रहीत कर सकते हैं और कवर-आइस मेकर और स्नैक बिन को निकाल सकते हैं।
अगर आप आइस बकेट के निकालते हैं, तो प्रदर्शन पैनल पर ICE OFF (बर्फ़ बंद) चमकेगा।
इसके अलावा, आप फ़्रीज़र के ऊपरी दराज़ को निकाल सकते हैं और उस स्थान पर शेल्फ़ लगा सकता हैं।
क्योंकि इससे ऊष्मीय और यांत्रिक विशिष्टताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।
जमे हुए भोजन को संग्रहीत करने के कंपार्टमेंट के घोषित संग्रहण वॉल्यूम की गणना "गार्ड फ़्री-अप" को लगाकर और "कवर-आइस मेकर", "स्नैक बिन", "ऊपरी दराज़" को निकाल कर की जाती है।



GUARD FRE-UPP (गार्ड फ़्री-अप) (वैकल्पिक)







## COOLSELECT ZONE™ दराज़ (वैकल्पिक) का उपयोग करना

CoolSelect Zone™ दराज़ को आपके व्यस्त जीवन को थोड़ा सा आसान बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।




### Thaw (पिघलाना)

जब "Thaw (पिघलाना)" चयनित होता है, तो CoolSelect Zone दराज़ में वैकल्पिक रूप से ठंडी हवा प्रवाहित की जाती है।
जमे हुए भोजन के भार के आधार पर, आप 5 घंटे, 10 घंटे का पिघलाने का समय चुन सकते हैं।
जब "Thaw (पिघलाना)" समाप्त होता है, तो भोजन आधी जमी स्थिति में होगा, जिसे पकाने के लिए काटना आसान होगा।
इसके अतिरिक्त, जब "Thaw (पिघलाना)" समाप्त होता है, तो CoolSelect Zone दराज़ मूल "Cool (ठंडा)" स्थिति में आ जाता है।
इस फ़ंक्शन को बीच में रद्द करने के लिए, बस CoolSelect Zone (कूलसलेक्ट ज़ोन) बटन दबाएँ और अन्य फ़ंक्शन का चयन करें।

### Quick Cool (त्वरित ठंडा)

आप 1~3 डिब्बा बंद पेय पदार्थों को एक घंटे में तेज़ी से ठंडा करने के लिए CoolSelect Zone™ दराज़ में "Quick Cool (त्वरित ठंडा)" संचालन का उपयोग कर सकते हैं।
जब "Quick Cool (त्वरित ठंडा)" प्रक्रिया समाप्त होती है, तो CoolSelect Zone™ दराज़ अपने आप मूल "Cool (ठंडा)" स्थिति में वापस आ जाता है।
इस संचालन को रद्द करने के लिए, "Quick Cool (त्वरित ठंडा)" बटन को दोबारा दबाएँ और CoolSelect Zone™ दराज़ पिछले सेट तापमान पर लौट जाता है।

### Cool (ठंडा)

“Cool (ठंडा)” चयनित होने पर, CoolSelect Zone™ दराज़ का तापमान संपूर्ण फ़्रीज़र की तापमान सेटिंग के समान हो जाएगा।
दराज़ का डिजिटल पैनल, रेफ़्रिजरेटर के प्रदर्शन पैनल के समान ही तापमान प्रदर्शित करता है।
चूंकि “Cool (ठंडा)” फ़ंक्शन रेफ़्रिजरेटर के तापमान का अनुसरण करता है, तो आपके पास अतिरिक्त सामान्य संग्रहण स्थान होता है।

माँस या मछली के आकार और मोटाई के आधार पर, पिघलने का समय भिन्न हो सकता है।

जब “Thaw (पिघलाना)” संचालन में होता है, तो उन सभी आइटम को दराज़ से निकाल देना चाहिए जिन्हें आप प्रभावित करना नहीं चाहते हैं।

## SMART ECO (स्मार्ट ईको) सुविधाएँ

### Smart Eco (स्मार्ट ईको) सिस्टम

संचालनीय परिवेश, उपयोग के तरीके और रेफ़्रिजरेटर की संचालन स्थिति के अनुसार 4 संवेदकों का उपयोग करके भोजन को ताज़ा रखता है और इससे बिजली की बचत भी होती है।



## फ़्रिज बहु-उद्देशीय दरवाज़ा पात्र

एक अलग हो जाने वाले विभाजक से भोजन संग्रहीत करना आसान हो जाता है।

### आइटम के अनुसार खाद्य उत्पाद एकत्रित किए जा सकते हैं।

- छोटी चटनी की बोतलों और कैन वाले पेय-पदार्थों को एक साथ संग्रहीत करने के लिए विभाजक को उसके स्थान पर लगाएँ।



- डब्बे में दूध या पेय-पदार्थ संग्रहीत करते समय विभाजक को निकाल दें।

### विभाजक को उपयोग करने का तरीका

1. केस के कंपार्टमेंट में बाँटने के लिए विभाजक को लगाएँ जैसा कि चित्र में दिखाया गया है।



2. उपयोग में नहीं होने पर, बस इसे हल्का सा झटका दें और इसे बाहर निकाल दें जैसा कि चित्र में दिखाया गया है।





### मल्टी-सपोर्टर का उपयोग करने का तरीका

1. उपयोग में नहीं होने पर, मल्टी-सपोर्टर को ऊपर की ओर फ़्लिप करके रखें जैसा कि चित्र में दिखाया गया है।



2. आइटम को बाहर फैलने से बचाने के लिए मल्टी-सपोर्टर को स्थिति 1 में फ़्लिप करें।




3. एक विभाजक के रूप में उपयोग करने के लिए मल्टी-सपोर्टर को स्थिति 2 में फ़्लिप करें।




## रेफ़्रिजरेटर के सहायक उपकरणों को निकलना

1. शेल्फ़ (फ़्रीज़र/फ़्रिज)

- दरवाज़े को पूरी तरह खोलें और फिर शेल्फ़ को थोड़ा ऊपर उठाएँ और निकालने के लिए उसे बाहर खींचें।




- अगर आप दरवाज़े को पूरी तरह नहीं खोल पा रहे हैं, तो शेल्फ़ को बाहर निकालें, उसे ऊपर उठाएँ और निकालने के लिए थोड़ा सा मोड़ दें।




सावधानी

शेल्फ़ को उल्टा न लगाएँ और उल्टा न रखें।

काँच के कंटेनर, काँच की शेल्फ़ की सतह पर खरोंच ड़ाल सकते हैं।

2. दरवाज़े का पात्र

- दरवाज़े को पात्र को दोनों हाथों से पकड़ें और उसे आराम से ऊपर उठाकर निकालें।



3. दराज़
- दराज़ को बाहर खींचकर और थोड़ा सा ऊपर उठाकर निकालें।



4. सब्जी का पात्र/ड्राई बिन कवर
- सब्जी के पात्र (रेफ्रिजरेटर)/ड्राई बिन (फ्रिजर) के ऊपर लगे पात्र को निकालें।
- सब्जी के पात्र (रेफ्रिजरेटर)/ड्राई बिन (फ्रिजर) दोनों तरफ लगी क्लिप को नीचे दबाएँ और पात्र को निकलने के लिए उन्हें अपनी ओर खींचें।



**(वैकल्पिक)**

5. सब्जी का पात्र/ड्राई बिन
- सब्जी के पात्र/ड्राई बिन को बाहर निकालने से पहले, आपको दरवाज़े से बहु-उद्देशीय कंपार्टमेंट को निकालना होगा।
- पात्र को थोड़ा ऊपर उठाएँ और बाहर खींच लें।



6. आइस बकेट (फ्रीज़र)
- आइसमेकर बकेट को ऊपर उठाकर और धीरे से बाहर खींच कर उसे निकालें।
- हैंडल को इस तरह पकड़ें जैसा चित्र में दिखाया गया है।
- क्षति से बचाने के लिए आइस बकेट को धीरे से निकालें।



दराज़ के कवर को निकालते समय अत्यधिक बल का उपयोग न करें। आप कवर को तोड़ सकते हैं और चोट लग सकती है।

सहायक उपकरणों को निकालने से पहले, सुनिश्चित करें कि रास्ते में कोई भोजन नहीं है।
संभव होने पर दुर्घटना के जोखिम को कम करने के लिए सारे भोजन को निकाल दें।

7. दुर्गंधरोधी को निकालना
- शेल्फ़ को थोड़ा सा बाहर खींचें और फिर चपटे पेचकस से दुर्गंधरोधी कवर की क्लिप को ऊपर की ओर दबाते हुए उसे बाहर निकालें।



8. दुर्गंधरोधी को साफ़ करना
- दुर्गंधरोधी को हर दो वर्ष में एक बार या जब भी आपको लगे कि उसका प्रदर्शन कम हो गया है, बदल दें।
- दुर्गंधरोधी को 24 घंटे तक धूप में सुखाएँ और फिर उसे निकालने के विपरीत क्रम में वापस लगा दें।



DA68-02976B-04.indb 42 2015. 4. 28. □□ 1:47

# रेफ्रिजरेटर को साफ करना

चेतावनी
- रेफ्रिजरेटर की सफाई के लिए बेंजीन, थिनर या क्लोरोक्स या कार डिटर्जेंट का उपयोग न करें। वे उपकरण की सतह को क्षति पहुँचा सकते हैं और आग लगा सकते हैं।

- बिजली का प्लग लगा होने पर रेफ्रिजरेटर पर पानी का स्प्रे न करें। इससे बिजली का झटका लग सकता है।
  रेफ्रिजरेटर को साफ करने के लिए, निम्न चरणों का पालन करें:

1. रेफ्रिजरेटर की बिजली की तार को प्लग से निकाल दें।
2. मुलायम रोएँ रहित कपड़े या काग़ज के तौलियो को थोड़ा पानी में भिगाएँ।

रेफ्रिजरेटर को साफ करने के लिए किसी प्रकार के डिटर्जेंट का उपयोग न करें क्योंकि वह रेफ्रिजरेटर का रंग उड़ा सकता है या उसे क्षतिग्रस्त कर सकता है।

3. रेफ्रिजरेटर के साफ और सूखा होने तक उसे भीतर और बाहर से पोछें।
4. रेफ्रिजरेटर की बिजली की तार को प्लग में लगाएँ।

# आंतरिक लाइट बदलना

**फ्रीज़र / फ़्रिज LED लैंप**

- अगर LED लैंप कवर बाहरी पदार्थों से गंदा हो गया है, तो हो सकता है कि LED लैंप स्पष्ट प्रकाश न दे।
  पूरी चमकती रौशनी वापस पाने के लिए सतही कवर को साफ सूखे कपड़े से साफ करें।

सावधानी
LED प्रकार की लाइटिंग को स्वयं न निकालें या प्रतिस्थापित न करें।
LED लाइट प्रतिस्थापित करने के लिए, Samsung सेवा केंद्र या अपने प्राधिकृत Samsung डीलर से संपर्क करें।

अगर आप स्वयं LED लैंप को प्रतिस्थापित करने का प्रयास करते हैं, तो आप बिजली के झटके या गंभीर निजी चोट का जोखिम उठाते हैं।

## कूलिंग प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए

अगर भोजन के आइटम से ठंडी वायु का आउटलेट अवरोधित हो गया है, तो ठंडी वायु पूरे कंपार्टमेंट में नहीं फैल पाएगी और इससे भोजन प्रभावी रूप जम नहीं पाएगा जिससे कूलिंग प्रदर्शन में कमी आएगी।




## पानी के फ़िल्टर को बदलना

**चेतावनी** अपनी संपत्ति में पानी से होने वाली क्षति के जोखिम को कम करने के लिए अपने SAMSUNG रेफ़्रिजरेटर में सामान्य ब्राँड के पानी के फ़िल्टर का उपयोग न करें।

केवल SAMSUNG ब्राँड के पानी के फ़िल्टर का उपयोग करें।
SAMSUNG, सामान्य पानी के फ़िल्टर के उपयोग से होने वाले पानी के रिसाव के कारण होने वाली किसी भी क्षति के लिए कानूनी रूप से ज़िम्मेदार नहीं है, इसमें संपत्ति की क्षति की शामिल है लेकिन यह इसी तक सीमित नहीं है।
SAMSUNG रेफ़्रिजरेटर को केवल SAMSUNG के पानी के फ़िल्टर के साथ कार्य करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
“Filter Indicator (फ़िल्टर संकेतक)” लाइट आपको बताती है कि आपको बताती है की पानी के फ़िल्टर के कार्टिज़ को बदलने का समय कब होता है।
नया फ़िल्टर लाने के लिए आपको थोड़ा समय देने के लिए, लाल लाइट वर्तमान फ़िल्टर की क्षमता समाप्त होने से थोड़ा पहले जलने लगेगी।
समय पर फ़िल्टर बदलने से आपको अपने फ्रिज से सबसे ताज़ा और साफ पानी मिलता है।
पानी के फ़िल्टर को बदलने के लिए निम्न चरणों का पालन करें:

1. पानी के फ़िल्टर को 90˚ घड़ी की विपरीत दिशा में घुमाएँ।




2. पानी के फ़िल्टर को फ़िल्टर हाउसिंग से खींचें।




3. नए पानी के फ़िल्टर को फ़िल्टर हाउसिंग में लगाएँ।



4. नए पानी के फ़िल्टर को 90˚ घड़ी की दिशा में घुमाएँ।




5. पानी का फ़िल्टर रीसेट करने के लिए “Lighting/°C↔°F (3 sec) (लाइटिंग / °C↔°F (3 सेकंड))” बटन ( ) को लगभग 3 सेकंड तक दबाकर रखें। लाल रंग का संकेतक बंद हो जाएगा।

नए लगाए गए पानी के फ़िल्टर के कार्टिज़ से पानी के डिस्पेंसर से थोड़ा पानी छलक सकता है।
ऐसा लाइन में पानी चले जाने के कारण होता है।
इससे संचालन में कोई समस्या नहीं आनी चाहिए।

सावधानी

पानी का फ़िल्टर बदलने पर, रेफ़्रिजरेटर के निचले हिस्से में पानी फैल सकता है।
यह बस एक अस्थायी स्थिति है इसलिए पानी को साफ कर दें और इसे उपयोग करें।

## एक नए फ़िल्टर की स्थापना के बाद पानी की आपूर्ति लाइन के भीतर से शेष सामग्री को निकाल दें

1. Water (पानी) बटन दबाएँ और फिर एक कप या गिलास से डिस्पेंसर लीवर को दबाएँ।
2. फिल्टर से 1 गैलन पानी बहाएँ, एक समय पर एक या एक गिलास (लगभग 6 मिनट तक बहाएँ।)
   इससे पानी आपूर्ति सिस्टम साफ हो जाएगा और लाइन से वायु निकल जाएगी।
- कुछ घरों में अतिरिक्त पानी गुज़ारना पड़ सकता है।
3. रेफ़्रिजरेटर का दरवाज़ा खोलें और सुनिश्चित करें पानी के फ़िल्टर से पानी नहीं रिस रहा है।

## विपरीत परासरण पानी की आपूर्ति महत्वपूर्ण :

विपरीत परासरण सिस्टम से आने वाली पानी का आपूर्ति, जो रेफ़्रिजरेटर के पानी प्रवेश वाल्व में जाती है, का दाब 35 और 120 psi (241 और 827 kPa) के बीच होना चाहिए।
अगर आपकी ठंडे पानी की आपूर्ति से विपरीत परासरण पानी फिल्टर करने वाला सिस्टम कनेक्ट है, तो विपरीत परासरण सिस्टम में पानी का दाब कम से कम 40 से 60 psi (276 से 414 kPa.) होना चाहिए
अगर विपरीत परासरण सिस्टम में पानी का दाब 40 से 60 psi (276 से 414 kPa) से कम है तो:

- जाँचें कि क्या विपरीत परासरण सिस्टम में अवसाद फ़िल्टर अवरुद्ध हो गया है। अगर आवश्यकता पड़े तो फ़िल्टर को बदलें।
- अधिक उपयोग के बाद विपरीत परासरण सिस्टम को संग्रहण टैक से जोड़ें।
- अगर आपके रेफ़्रिजरेटर में पानी का फ़िल्टर है, तो विपरीत परासरण सिस्टम के साथ उपयोग किए जाने पर यह पानी के दाब को और कम कर सकता है। पानी के फ़िल्टर को निकाल दें।

अगर अपने पानी के दाब के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं, तो एक लाइसेंसधारी, योग्य प्लंबर को कॉल करें।

## प्रतिस्थापना फ़िल्टर का आदेश देना

पानी के फ़िल्टर के अधिक कार्टिज़ का आदेश देने के लिए, अपने प्राधिकृत Samsung डीलर से संपर्क करें।

## आइस मेकर (वैकल्पिक) का उपयोग करना

- आइस बकेट को निकालने के लिए।
  - हैंडल को उस तरह पकड़ें जैसा चित्र 1 में दिखाया गया है।
  - ऊपर उठाएँ और बकेट को धीरे से बाहर निकालें।
  - क्षति से बचाने के लिए आइस बकेट को धीरे से बाहर निकालें।
  - जब आप आइस बकेट को पुनः स्थापित करें, तो ICE (बर्फ़) बटन को 6 सेकंड के लिए दबाएँ।



- सामान्य संचालन
  - आइस मेकर द्वारा बकेट में बर्फ़ डाले जाने पर आपको सुनाई देने वाली आवाज़ सामान्य संचालन का भाग है।
  - अगर आप लंबे समय तक बर्फ़ नहीं निकालते हैं, तो बकेट में बर्फ़ का ढेर बन सकता है।
    अगर ऐसा होता है, तो बर्फ़ को निकालें और बकेट को खाली करें।
  - अगर बर्फ़ बाहर न निकले, तो देखें कि शूट में बर्फ़ तो नहीं है और उसे निकाल दें।
  - स्थापना के बाद पहली बार निकलने वाली बर्फ़ की क्यूब छोटी हो सकती हैं क्योंकि पानी की लाइन में वायु प्रवेश कर जाती है। सामान्य उपयोग के दौरान वायु निकल जाएगी।




**सावधानी**

- जब प्रदर्शन पैनल पर ICE OFF (बर्फ़ बंद) चमकता है, तो आइस बकेट को पुनः लगाएँ और/या सुनिश्चित करें यह ठीक प्रकार लगी है।
- दरवाज़ा खोले जाने पर, बर्फ़ और पानी का डिस्पेंसर कार्य नहीं करता है।
- अगर आप दरवाज़े को बहुत तेज़ बंद करते हैं, तो आइस मेकर के ऊपर पानी फैल सकता है।
- आइस बकेट को गिरने से बचाने के लिए उसे दोनों हाथों से निकालें।
- चोट से बचने के लिए, पानी पर गिरी बर्फ़ या पानी को ध्यान से साफ करें।
- बच्चों को आइस डिस्पेंसर या बकेट पर न लटकने दें।
  उन्हें चोट सकती हैं।
- आइस शूट में हाथ या कोई अन्य वस्तु न रखें।
  इससे निजी चोट लग सकती है या सामग्री की क्षति हो सकती है।
- फ़्रीज़र में प्लास्टिक के बैग में भोजन संग्रहीत करते समय ध्यान रखें।
  गलत तरीके से रखे गए प्लास्टिक के बैग आइस बकेट की ऑगर मोटर में आ सकते हैं और रेफ़्रिजरेटर को बर्फ़ निकालने से रोक सकते हैं या अनापेक्षित रूप से फ़्रीज़र का दरवाज़ा खुल सकता है।



# समस्या-निवारण

| समस्या | समाधान |
| --- | --- |
| **रेफ्रिजरेटर बिल्कुल कार्य नहीं कर रहा है या यह पर्याप्त रूप से ठंडा नहीं कर रहा है।** | • जाँचें कि पावर प्लग ठीक से कनेक्ट है।<br>• क्या प्रदर्शन पैनल पर तापमान नियंत्रण सही तापमान पर सेट है? इसे कम तापमान पर सेट करने का प्रयास करें।<br>• क्या रेफ्रिजरेटर सीधी धूप में या किसी गर्म स्रोत के पास स्थित है?<br>• क्या रेफ्रिजरेटर का पिछला भाग दीवार के बहुत पास है और इसलिए हवा प्रवाहित नहीं हो रही है? |
| **फ्रिज में रखा भोजन जमा हुआ है।** | • क्या प्रदर्शन पैनल पर तापमान नियंत्रण सही तापमान पर सेट है? इसे गर्म तापमान पर सेट करने का प्रयास करें।<br>• क्या कमरे का तापमान बहुत कम है?<br>• क्या आपने फ्रिज के सबसे ठंडे भाग में पानी की अधिक मात्रा वाला भोजन संग्रहीत किया है? |
| **आपको असामान्य शोर या ध्वनियाँ सुनाई देती हैं।** | • जाँचें कि रेफ्रिजरेटर संतुलित और स्थिर है।<br>• क्या रेफ्रिजरेटर का पिछला भाग दीवार के बहुत पास है और इसलिए हवा प्रवाहित नहीं हो रही है?<br>• क्या रेफ्रिजरेटर के पीछे या नीचे कोई चीज़ गिर गई है?<br>• अगर आपके उपकरण के भीतर "टिक-टिक" की आवाज़ सुनाई दे सकती है; यह सामान्य है। जब तापमान परिवर्तन के कारण विविध साहयक उपकरण संकुचित या विस्तृत होते हैं तब टिक-टिक की आवाज़ सुनाई देती है। |
| **उपकरण के सामने के कोने गर्म हैं और संघनन हो रहा है।** | • थोड़ी गर्मी सामान्य है क्योंकि संघनन से बचने के लिए रेफ्रिजरेटर के सामने के कोनों में संघनन रोधी लगे हैं।<br>• क्या रेफ्रिजरेटर का दरवाज़ा थोड़ा सा खुला है? अगर आप दरवाज़े को लंबे समय तक खुला छोड़ देते हैं तो संघनन हो सकता है।<br>• अगर दराज़ में सब्जियाँ रखीं हैं तो उसमें पानी का संघनन हो सकता है। समय के साथ संघनन अपने आप दूर हो जाएगा। |
| **बर्फ नहीं निकल रही है।** | • क्या आपने पानी की आपूर्ति की स्थापना के बाद बर्फ जमाने से पहले 12 घंटे तक प्रतीक्षा की?<br>• क्या पानी की लाइन कनेक्ट है और शट-ऑफ़ वाल्व खुला है?<br>• क्या आपने मैन्युअल रूप से बर्फ़ बनाने वाला फ़ंक्शन बंद किया है? सुनिश्चित करें Ice (बर्फ़) Cubed (क्यूब वाली) Crushed (कुचली हुई) पर सेट है।<br>• क्या आइस मेकर बकेट में बर्फ़ का ढेर जम गया है? उन्हें निकालें।<br>• क्या फ्रीजर का तापमान बहुत गर्म है? फ्रीजर के तापमान को कम पर सेट करने का प्रयास करें। |
| **आप रेफ्रिजरेटर में पानी के बुदबुदाने की आवाज़ सुन सकते हैं।** | • यह सामान्य है। बुदबुदाने की आवाज़ रेफ्रिजरेंट कूलेंट तरल के रेफ्रिजरेटर के वितरण के कारण आती है। |
| **रेफ्रिजरेटर के भीतर बदबू हो रही है।** | • क्या कोई भोजन आइटम खराब हो गया है?<br>• सुनिश्चित करें की तीक्ष्ण गंध वाला भोजन (उदाहरण के लिए मछली) को लपेटा गया है ताकि वह वायुरुद्ध रहे।<br>• समय-समय पर अपने फ्रीजर की सफ़ाई करें और किसी भी खराब या संदेहस्पद भोजन के फेंक दें। |
| **फ्रीज़र की दीवारों पर तुषार जम गया है।** | • क्या वायु छिद्र अवरोधित हैं? किसी भी अवरोध को निकाल दें ताकि वायु स्वतंत्रता से प्रवाहित हो सके।<br>• प्रभावी वायु प्रवाह के लिए संग्रहीत किए गए भोजन के बीच पर्याप्त स्थान रखें।<br>• क्या फ्रीज़र का दरवाज़ा ठीक से बंद है? |





DA68-02976B-04.indb 47 2015. 4. 28. □□ 1:47

| समस्या | समाधान |
|---|---|
| **पानी का डिस्पेंसर काम नहीं कर रहा है।** | • क्या पानी की लाइन कनेक्ट है और शट-ऑफ़ वाल्व खुला है?<br>• क्या पानी की आपूर्ति लाइन की ट्यूबिंग कुचल या मुड़ गई है?<br>सुनिश्चित करें कि ट्यूबिंग खुली है और कोई अवरोध नहीं है।<br>• क्या रेफ्रिजरेटर का तापमान बहुत कम होने के कारण पानी की टंकी जम गई है?<br>मुख्य डिजिटल प्रदर्शन पर कुछ अधिक गर्म सेटिंग का चयन करने का प्रयास करें। |
| **फ्रीज़र का दरवाज़ा सही ढंग से बंद न होने पर क्या किया जा सकता है।** | • लीवर डिस्पेंसर को ढकेलें और पानी की आपूर्ति जाँचें।<br>• लीवर डिस्पेंसर (बर्फ़ मोड) को ढकेलें और ऑगर मोटर का संचालन जाँचें।<br>• शेल्फ़ से उन ऑब्जेक्ट को निकालें, जिनसे ड्राइव ऑगर बाधित हो सकता है।<br><br>**सावधानियाँ** : अगर आपने एक विस्तृत अवधि तक पानी या बर्फ़ को डिस्पेंस नहीं किया है, तो आइस बकेट में ढेर सारा बर्फ़ जमा हो सकता है, जिससे ड्राइव ऑगर में गड़बड़ी और डिस्पेंस करने में समस्या हो सकती है।<br>शेष आइस बकेट और उन ऑब्जेक्ट को निकालें, जो ड्राइव ऑगर को बाधित कर सकते हैं।<br>कृपया डिस्पेंसर (पानी और बर्फ़) संचालित करें और फ्रीज़र का दरवाज़ा बेहतर ढंग से स्वतः बंद होने लगेगा। |

# मेमो

## परिवेशी कक्ष तापमान सीमाएँ

इस रेफ्रिजेरटर को उस परिवेशी तापमान में संचालित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो रेटिंग प्लेट पर चिह्नित इसकी तापमान श्रेणी द्वारा निर्दिष्ट है।

| श्रेणी | प्रतीक | परविशी तापमान सीमा (°C) | |
|---|---|---|---|
| | | IEC 62552 (ISO 15502) | ISO 8561 |
| वस्तृित परमिति | SN | +10 से +32 तक | +10 से +32 तक |
| परमिति | N | +16 से +32 तक | +16 से +32 तक |
| उपोष्णकटबिंधीय | ST | +16 से +38 तक | +18 से +38 तक |
| उष्णकटबिंधीय | T | +16 से +43 तक | +18 से +43 तक |

फ्रिज/फ्रीज़र के स्थान, परिवेश के तापमान और आपके द्वारा दरवाज़ा खोले जाने की आवृत्ति जैसे कारकों से रेफ्रिजरेटर का आंतरिक तापमान प्रभावित हो सकता है। इन कारकों की प्रतिपूर्ति करने के लिए तापमान को आवश्यकतानुसार समायोजित करें।

### *इस उत्पाद का सही निपटान*
### *अपशिष्ट विद्युतीय और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण*

हिन्दी

*(पृथक संग्रहण प्रणालियों वाले देशों में लागू)*

उत्पाद, सहायक पुर्ज़ों अथवा लिटरेचर पर यह मार्किंग दर्शाती है कि उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक पुर्ज़ों (अर्थात चार्जर, हेडसेट, यू.एस.बी. केबल) को इनकी कार्य अवधि के अंत में अन्य घरेलू अपशिष्ट के साथ नष्ट नहीं किया जाना चाहिए। अनियंत्रित अपशिष्ट निपटान के कारण पर्यावरण या मानव स्वास्थ्य को हो सकने वाली हानि को रोकने के लिए, कृपया इन आइटमों को अन्य प्रकार के अपशिष्ट से अलग कर दें तथा सामग्री संसाधनों के सतत पुनः उपयोग को बढ़ावा देने के लिए इन्हें से पुनः उपयोग में लाएं।

घरेलू प्रयोक्ताओं को इस बारे में विवरण के लिए रिटेलर। जहां से उन्होंने यह उत्पाद खरीदा, अथवा स्थानीय सरकारी कार्यालय से संपर्क करना चाहिए कि वे इन आइटमों को पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित रीसाइक्लिंग के लिए कहां और कैसे ले जाएं।

व्यावसायिक प्रयोक्ताओं को अपने सप्लायर से संपर्क करना चाहिए तथा खरीद कॉन्ट्रेक्ट की शर्तें देखनी चाहिए। इस उत्पाद और इसके पुर्ज़ों के निपटान के लिए इसे अन्य वाणिज्यिक अपशिष्ट के साथ नहीं मिलाना चाहिए।

सुरक्षित निपटान और रिसाइकल करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.samsung.com पर जाएँ या नीचे दिए हेल्पलाइन नंबर पर SAMSUNG WORLD WIDE से संपर्क करें।

SAMSUNG WORLD WIDE से संपर्क करें

अगर Samsung उत्पादों से संबंधित आपके कोई प्रश्न या टिप्पणियाँ हैं, तो कृपया SAMSUNG ग्राहक सेवा केंद्र से संपर्क करें.

Samsung India Electronics Pvt. Ltd. 2nd, 3rd & 4th Floor, Tower-C, Vipul Tech Square, Sector 43,
Golf Course Road, Gurgaon, Haryana, India-122002
1800 3000 8282 - Toll Free
1800 266 8282 - Toll Free
30308282 - Non Toll Free
www.samsung.com/in/support

This product is RoHS compliant

DA68-02976B-04